कार्यालय प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत

प्रेस नोटः **दिनांक 11–08–2023**

दिनांक 11–08–2023 को राजकीय महाविद्यालय अमोड़ी, चम्पावत में उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय केन्द्र पर छात्र/छात्राओं **को दूरस्थ शिक्षा प्रणाली के तहत स्नातक, परास्नातक, कौशल विकास, कम्प्यूटर अप्लीकेशन प्रमाणपत्र आदि पाठ्यक्रमों के बारे में जागरूक किया गया।** महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ0) अजिता दीक्षित ने कहा कि महाविद्यालय में इस प्रकार के पाठ्यक्रमों से क्षेत्र के लोगो के लिए लाभकारी होगा। अध्ययन केन्द्र पर सभी शिक्षार्थियों के लिए विषय सम्बन्धी काउन्सिलिंग की सुविधा उपलब्ध है। समस्त शिक्षार्थियों के लिए महाविद्यालय में ही परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए कृत संकल्प है। नये छात्र/छात्राओं के लिए स्नातक, परास्नातक, कौशल विकास व कम्प्यूटर अप्लीकेशन प्रमाणपत्र में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। साथ ही पूर्व से पंजीकृत छात्र/छात्राओं का अगली कक्षा में प्रवेश पंजीकरण भी जारी है। **समस्त प्रवेश की अन्तिम तिथि 31 अगस्त 2023 है।** कार्यक्रम में अध्ययन केन्द्र समन्वयक डॉ0 दिनेश कुमार गुप्ता, डॉ0 संजय कुमार, डॉ0 रंजना सिंह, श्री अतुल कुमार मिश्रा, श्री संजय कुमार गंगवार, डॉ0 रेखा मेहरा, श्री हरीश चन्द्र जोशी, श्री महेश सिंह कन्याल, श्री महेश लाल, श्री दशरथ बोहरा, श्री दिनेश सिंह रावत व छात्र/छात्राएं उपस्थित रहे।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
अमोड़ी (चम्पावत)